राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 01 जुलाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सोमवार, दिनांक 04 जुलाई, 2022 से राजस्थान मंत्रीमण्डल के सदस्यगण द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को जनसुनवाई की जायेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों एवं अभ्यावेदनों का रिकॉर्ड रखा जायेगा तथा प्रकरणों के निस्तारण की जानकारी मंत्रीगणों से प्राप्त की जायेगी। प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा ने निर्देश प्रदान किये हैं कि जनसुनवाई में उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थियों की परिवेदनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाकर आमजन को राहत प्रदान की जाये।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सोमवार, दिनांक 04 जुलाई, 2022 को राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट एवं ऊर्जा राज्यमंत्री श्री भंवरसिंह भाटी द्वारा जनसुनवाई की जायेगी। मंगलवार, दिनांक 05 जुलाई, 2022 को सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना एवं परिवहन राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह ओला द्वारा जनसुनवाई की जायेगी। **जनसुनवाई हेतु जुलाई माह का कार्यक्रम संलग्न है।**

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter